दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 291 मुरादाबाद 17 February 2022 (Thursday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ



## मन चंगा तभी विकास की गंगा, रविदास जयंती पर बोलीं बसपा सुप्रीमो मायावती



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने संत रविदास जयंती पर महान संत को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि सरकारें उनके आदर्श पर चलेंगी तभी लोगों का भला होगा। 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' रविदास के उपदेश का जिक्र करते हुए बसपा सुप्रीमो ने कहा कि सरकारें मन चंगा करके काम करेंगी तभी विकास की गंगा आम लोगों को तृप्त करेगी। मायावती ने ट्वीट किया, ''मन चंगा तो कठौती में गंगा' का इंसानियत भरा आदर्श व अमर संदेश देने वाले महान संतगुरु रविदास जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित तथा देश व दुनिया में रहने वाले उनके सभी अनुयायियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।'' एक अन्य ट्वीट में उन्होंने कहा, ''सामाजिक परिवर्तन के संतों की परम्परा में जाने-माने संतगुरु रविदास जी जाति-भेद के खिलाफ आजीवन कड़ा संघर्ष करते रहे। ऐसे संतगुरु के उपदेशों के मुताबिक सरकारें अगर मन चंगा करके काम करेंगी तभी लोगों का सही से भला होगा तथा देश में विकास की गंगा आमजन को जरूर तृप्त करेगी।''

### सदियों तक प्रेरित करेगा संत रविदास का जीवन: अखिलेश

वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी संत रविदास को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनका जीवन सदियों तक प्रेरित करता रहेगा। उन्होंने ट्वीट किया, '' मन चंगा तो कठौती में गंगा... संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती के अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। संत रविदास जी का जीवन व उनके आदर्श सदियों तक मानव समाज को करुणा व कल्याण के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते रहेंगे।''

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

## पठानकोट रैली में पीएम मोदी ने कहा- कांग्रेस ने देश व पंजाब में क्या-क्या कुकृत्य नहीं किए



पठानकोट- यहां भाजपा गठबंधन की रैली शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रैली में पहुंच गए हैं। उन्होंने नवां पंजाब के नारे के संकल्प के साथ अपना भाषण शुरू किया। उन्होंने संत रविदास जयंती पर लोगों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार संत रविदास जी के बताए राह पर चल रही है। उन्होंने संत रविदास के एक दोहे का जिक्र भी उन्होंने किया। उन्होंने पठानकोट से जुड़ी अपनी यादों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि माझा की इस धरती ने मां जैसा प्यार व स्नेह दिया। उन्होंनेकहा कि कांग्रेस ने देश और पंजाब की धरती पर क्या-क्या कुकृत्य नहीं किए।

### पीएम मोदी ने नवां पंजाब बनाने के संकल्प के संग शुरू किया भाषण

उन्होंने कांग्रेस व आम आदमी पार्टी पर जमकर हमले किए। उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ का भी ये लोग विरोध करते रहे। काशी विश्वनाथ मंदिर पर सोना चढ़ाने का काम महाराजा रणजीत सिंह ने ही किया था। आस्था से उनको चिढ़ है। इस बार आप को भाजपा को मौका देना है यह पंजाब ने तय कर लिया है। इस बार पक्का परिवर्तन होगा। यह दोनों (कांग्रेस व आम) राम मंदिर का मिलकर विरोध कर रहे हैं। दोनों पार्टियां यहां पंजाब में नूरा कुश्ती कर रही है, लेकिन दोनों एक ही है। एक पार्टी ने पंजाब को नशे में धकेला तो दूसरी पार्टी दिल्ली को शराब का लती बनाने पर लगी है। मोदी ने कहा कि हम मजबूर नहीं मजबूत पंजाब बनाएंगे। पंजाब को खुशहाल बनाएंगे। पंजाब ने हमेशा देश के विकास के लिए योगदान दिया है। कभी पंजाब की पहचान देश के सबसे खुशहाल सुबह के रूप में होती थी, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। युवा पलायन कर रहे हैं, कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। यहां सिर्फ एक ही धंधा चल रहा है खनन में लूट का धंधा। माझा को उद्योगों से दूर रखा गया। उन्होंने कहा कि खनन माफिया पर कोई करवाई होती है क्या। कर्मचारियों को डंडे मारते हैं और खनन माफिया के लोगों को शरण मिलती है। ये लोग अपनी मिट्टी से विश्वासघात कर रहे हैं। मैं डंके की चोट पर कहता हूं माफिया पंजाब छोड़ेगा, पंजाब का नौजवान पंजाब नहीं छोड़ेगा। अभी पंजाब में सिर्फ केंद्र सरकार का इंजन ही काम कर रहा है। हमने पंजाब में नए हाईवे बनाए दिल्ली कटरा एक्सप्रेस वे पंजाब से होकर गुजर रहा है इससे पंजाब के विकास को और प्रगति मिलेगी। उन्होंने कहा कि मोहाली में इंटरनेशनल एयरपोर्ट के साथ-साथ एक और एयरपोर्ट पर भी काम किया जा रहा है। एम्स का काम आपकी आंखों के सामने है। हमने किसानों के लिए पंजाब में तीन फूड पार्क भी बनाए हैं। जितना पैसा केंद्र सरकार ने पंजाब के किसानों की जेब में सीधे भेजा है इससे पहले किसी ने नहीं भेजा। बॉर्डर एरिया के विकास के लिए विशेष अथॉरिटी का गठन होगा हम संकल्प को प्रकल्प में बदलते हैं। भारत माला प्रोजेक्ट में एक लाख करोड़ रुपये से सड़कें बनेंगी। हम संकल्प को प्रकल्प में बदलते हैं। पंजाब के सपनों को पूरा करने के लिए मौका दीजिए। पंजाब के विकास को मौका दीजिए। आप सभी को गुरु रविदास जयंती की बहुत-बहुत बधाई। इसके बाद पीएम मोदी ने चुनाव लड़ रहे सभी उम्मीदवारों को आगे बुलाया और भारत माता की जय के साथ संबोधन समाप्त किया।

## ओपी राजभर ने बताया क्यों उनसे चिढ़े हुए हैं CM योगी, हत्या की साजिश का लगाया है आरोप




सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) चीफ ओम प्रकाश राजभर ने आरोप लगाया है कि यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उनकी हत्या कराना चाहते हैं। वाराणसी में बेटे के नामांकन के दौरान वकीलों के विरोध प्रदर्शन को खुद पर हमला बताते हुए उन्होंने यह दावा किया था। अब राजभर ने यह भी बताया है कि क्यों योगी आदित्यनाथ उनसे चिढ़े हुए हैं। राजभर ने कहा, ''जो हम आंदोलन चला रहे हैं पिछड़े, दलित, वंचित, अल्पसंख्यक के हक के लिए, योगी जी उससे चिढ़े हुए हैं, चूकि वह हिस्सा लूट रहे हैं। 69 हजार शिक्षक भर्ती का मामला उठाकर देखिए, 27 फीसदी आरक्षण लूट लिया। साढ़े 22 पर्सेंट दलितों का लूट लिया। जब राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग ने जांच किया, तो 23 हजार पद योगी जी ने लूटा। कोई नेता नहीं बोला, बोला तो सिर्फ राजभर। यह बात उनको बुरी लगी'' राजभर ने आगे कहा, ''हमने उनका साथ छोड़ दिया तो उनको बुरा लगा। साढ़े चार साल यूपी में बिजली का दाम बढ़ाकर लूटा, कोई नहीं बोल रहा है। जब तीन दिन रह गया आचार संहिता लागू होने में तो बिजली का दाम आधा कर दिया। साढ़े चार साल तो आपने लूटा तो पैसा वापस करो। यह कोई नहीं बोला, बोला तो बस राजभर। थाने, ब्लॉक, तहसील में हिस्सेदारी की बात करता है सिर्फ राजभर। यह बात लोगों को बुरी लग रही है, खासतौर से योगी जी को। इनकी कुर्सी जा रही है। राजभर ने एक बार फिर हत्या की कोशिश का आरोप लगाते हुए कहा, ''योगी जी हमारी हत्या कराना चाहते हैं कि इसको रास्ते से हटा दो फिर विरोध करने वाला कोई पैदा नहीं होगा। हमारी हत्या कराने के लिए गुंडे भेजे गए।'' गौरतलब है कि ओपी राजभर ने चुनाव आयोग से अपनी और बेटे की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

**आवश्यकता है** उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991, में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527


## पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़ द्वारा जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ की गयी गोष्ठी



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- आगामी विधान सभा चुनाव 2022 के तृतीय चरण में होने वाले मतदान को लेकर पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय अलीगढ़, परिक्षेत्र अलीगढ़ द्वारा जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ की गयी गोष्ठी पुलिस उपमहानिरीक्षक अलीगढ़, परिक्षेत्र अलीगढ़ श्री दीपक कुमार द्वारा जनपद में दिनांक 20.02.2022 को तृतीय चरण में होने वाले विधान सभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के सम्बन्ध में जनपद के पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा की गयी, समीक्षा के दौरान पुलिस उपमहानिरीक्षक महोदय अलीगढ़, परिक्षेत्र अलीगढ़ द्वारा भयमुक्त वातावरण में विधान सभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराये जाने एवं चुनाव ड्यूटी हेतु बाहर से आये पुलिस कर्मियों के ठहरने के स्थानों को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये गोष्ठी के दौरान पुलिस अधीक्षक कासगंज श्री रोहन प्रमोद बोत्रे एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्री अनिल कुमार व समस्त क्षेत्राधिकारीगण उपस्थित रहे

WWW.KNLSIVE.COM

# पीएम जनसभा में बस ले जाने वाले ऑपरेटरों के 15 लाख अटके

शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - जेवर एयरपोर्ट के शिलान्यास के दौरान हुई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में अलीगढ़ से ले जाई गईं 165 बसों के ऑपरेटर्स का 15 लाख रुपया अटक गया है। 25 नवंबर को हुई रैली को तीन माह होने जा रहे हैं। मगर, अभी तक सिर्फ 4-4 हजार रुपये का ही भुगतान इनको किया जा सका है।नोएडा प्रशासन की ओर से सरकारी बजट से हुई इस जनसभा के इंतजाम में लगाई गई बसों के लिए पैसा जारी नहीं किया जा रहा है। जबकि स्थानीय बस ऑपरेटर अलीगढ़ आरटीओ कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं। 25 नवंबर को पीएम मोदी ने जेवर एयरपोर्ट का शिलान्यास किया था। उसी स्थल पर जनसभा भी हुई थी। इस जनसभा में भीड़ का जुटाने के लिए बसों को लगाया गया था। इसके लिए अलीगढ़ से 165 बसों को भेजा गया था। प्रति बस 12500 रुपये का एकमुश्त किराया तय हुआ था। नोएडा प्रशासन को इन बसों के लिए अलीगढ़ प्रशासन को कुल 20.60 लाख रुपये के करीब किराया चुकाना था। मगर, अभी तक यह पैसा नहीं दिया गया है। स्थानीय प्रशासन ने अपनी जेब से बस संचालकों को डीजल की एवज में चार-चार हजार रुपये दिए हैं। अब बस संचालकों की यूनियन के पदाधिकारियों से लेकर खुद संचालक तक परिवहन विभाग के चक्कर लगाने को मजबूर हो गए हैं।मिनी बस ऑपरेटर एसोसिएशन जिला महानगर सचिव,अरविंद सेंगर ने बताया कि जेवर जनसभा का बस संचालकों का 14 लाख रुपये से अधिक बकाया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों से लेकर अलीगढ़ प्रशासन तक के ढाई माह से चक्कर काट रहे हैं। इसके बाद भी सुनवाई नहीं हो रही वही एआरटीओ प्रशासन रंजीत सिंह, नोएडा प्रशासन को किराए का भुगतान करना है। वहां से पैसा जैसे ही अलीगढ़ प्रशासन के खाते में भेज दिया जाएगा। बस संचालकों का पूर्ण भुगतान कर दिया जाएगा।

## यूक्रेन में पढ़ रहे बच्चों की सुरक्षा जिम्मेदारी लें पीएम

शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ - यूरोपीय देश में शामिल यूक्रेन व रूस युद्ध संकट में भारतीय मेडिकल छात्रों की सुरक्षा व एयर लिफ्ट कराने के लिए अलीगढ़ के अभिभावकों ने बुधवार को कमिश्नर गौरव दयाल से मुलाकात की। साथ ही प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन कमिश्नर को दिया है। अभिभावकों ने मांग की है कि यूक्रेन में मेडिकल शिक्षा में अध्ययनरत बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी पीएम लें और युद्ध की स्थिति से पहले ही बच्चों को एयर लिफ्ट द्वारा भारत वापस बुलवाया जाए। अभिभावकों का कहना था कि यूक्रेन में भारत की एम्बेसी से वहां बच्चे निरंतर संपर्क में हैं, लेकिन एम्बेसी को भी बच्चों को निरंतर संरक्षण दिया जाना अपेक्षित है।

## चुनाव जीतने के लिए दंगा-फसाद, लात-जूता कुछ भी कीजिये-भाजपा नेता का वीडियो वायरल




यूपी विधानसभा का चुनाव जैसे-जैसे पश्चिम से पूरब की तरफ बढ़ रहा है, वैस-वैसे ज्यादा आक्रामक होता जा रहा है। चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशी और नेता जीतने के लिए कुछ भी करने को उतारू हैं। ऐसा ही मामला प्रयागराज से सामने आया है। यहां भाजपा नेता रामसेवक पटेल अपने कार्यकर्ताओं को जीतने के लिए दंगा-फसाद, हिंसा और पैसे-शराब बांटने के लिए उकसाते नजर आ रहे हैं। उनका वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस ने वीडियो के आधार पर मुकदमा भी दर्ज कर लिया है। वीडियो में दिख रहा है कि रामसेवक पटेल किसी गुप्त स्थान या कमरे में नहीं बल्कि खुलेआम कार्यकर्ताओं को भड़का रहे हैं। मंच से माइक लेकर वह कार्यकर्ताओं को किसी भी तरह चुनाव जीतने के गुर बता रहे हैं। विधायक रह चुके रामसेवक पटेल के साथ ही उनके समर्थकों के खिलाफ भी केस दर्ज कर लिया गया है। रामसेवक का यह वीडियो मेजा विधानसभा सीट का है। इस सभा में उन्होंने कहा कि चुनाव हर हाल में जीतना है। एक-एक बूथ को जीतने के लिए जो भी करना पड़ेगा, वह आप सबको करना होगा। जीत हासिल करने के लिए चाहे दंगा-फसाद हो या लात-जूता, पैसा-कौड़ी या शराब बांटना हो या फिर ताकत दिखाना होगा, सब कुछ करना पड़ेगा। राम सेवक का यह भड़काऊ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद पुलिस ने इस मामले में उनके और उनके समर्थकों के खिलाफ मांडा थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस नुक्कड़ सभा में सैकड़ों की भीड़ थी। इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो वो कोई भी टिप्पणी करने से बचते नजर आए।

**सपा से भाजपा में शामिल हुए हैं रामसेवक**

रामसेवक पटेल 2017 का चुनाव हारने के बाद भी सपा के मजबूत दावेदार थे। सपा ने आखिरी वक्त में उनका टिकट काट दिया और संदीप पटेल को उम्मीदवार बना दिया। इसके बाद रामसेवक सपा से नाराज हो गए और उन्होंने बीजेपी का दामन थाम लिया। रामसेवक 7 फरवरी को ही बीजेपी में शामिल हुए थे। 14 फरवरी को मेजा विधानसभा में पार्टी उम्मीदवार और मौजूदा विधायक नीलम करवरिया के समर्थन में हुई नुक्कड़ सभा में राम सेवक पटेल ने भरे मंच से कार्यकर्ताओं व समर्थकों को उकसाया।

## ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग से लाखों का नुकसान



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - हरदुआगंज कस्बा में रामघाट रोड पर गांधीआश्रम की दुकानों में संचालित ऑटो पार्ट्स की दुकान में आग लग गई। आग लगने से आसपास के लोगों में हड़कंप मचा रहा। सूचना पर थाना पुलिस व दमकल ने पहुंचकर कर आग पर काबू पाया। आग से दुकान में रखी तीन बाइक सहित करीब पांच लाख का सामान जलना बताया गया है। अज्ञात द्वारा रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई है।


# आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

एन.राज शर्मा, प्रधान संपादक, 9027776991

निशाकांत शर्मा, सहसंपादक, 7906743371

सुमित गुप्ता, क्यूँ न लिखूँ सच, 9458664527

# प्यार मे की शादी फिर दहेज के, लालच मैं मारपीट शुरू



सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा -थाना भोजपुर के मोहल्ला नावपुर के निवासी मोहसिन पुत्र खुर्शीद ने पहले भोजपुर क्षेत्र के गांव अकबरपुर मो0 वारिश की पुत्री कोसर जहाँ से प्यार हुआ फिर दोनों एक दूसरे से मिलते जुलते रहे,, अब कुछ महीने पहले दोनों की थाना भोजपुर पुलिस के माध्यम से शादी करादी गई थी,, शादी के एक महीने बाद तक ठीक रखा और उसकी सांस लड़की को लड़के की माँ खुशनवी नन्द मुमताज नंदोई अनिस सब मिलाकर दहेज के लिए मार-पिटाई करते है,, उसके बाद लगतार कुछ महीनों से लड़की को बहुत मारा जा रहा है,, बही जब मोहल्ले बालो से बात की गई तो उन्होंने बताया कि कि लड़की को बहुत दिनों से मारा पीटा जा रहा है,, और जब कोई मोहल्ला वाला उसे समझता है तो बो उस उसको भी मारता पीटता है,,, इतना ही नहीं की लड़की को बीते कुछ दिनों लड़के के घर वाले खाना तक नहीं दे पा रहे,, यह घटना कोई एक बार की नहीं बल्कि आयदिन की है,, बही मोहल्ले बालो ने बताया कि इस मामले मे पुलिस भी कोई कार्यवाही ना करते हुए हम सब को डॉट देती है अब इससे से तो भोजपुर पुलिस के ऊपर भी सवाल उठरहे है,, कि क्या भोजपुर पुलिस इस सवालों को साफ करती या ऐसे ही सवाल उठते रहेंगे, या फिर बेटी वाला यूं ही न्याय को भटकते रहेंगे

# फुल हेल्दी सीजन में चुनावी दावेदारों की बढ़ी रहेगी धड़कन

मुरादाबाद- जिले में कोरोना महामारी की तीसरी लहर कमजोर पड़ने के साथ ही अगले कुछ दिनों के लिए फुल हेल्दी सीजन की शुरुआत हो गई है लेकिन सेहत के मामले में सबसे अच्छे दिनों का दौर शुरू होने के बावजूद चुनाव में किस्मत आजमा रहे दावेदारों की धड़कन काफी ज्यादा बढ़ी रहेगी। चुनाव नतीजे के लिए उन्हें 10 मार्च का इंतजार बेचैन करेगा। महानगर में परामर्श चिकित्सक डॉ नितिन बत्रा और डॉक्टर मुकेश रायजादा ने अगले कुछ दिनों तक फुल हेल्दी सीजन बने रहने की तस्दीक की। उन्होंने बताया कि कोरोना संक्रमण के मामले ठंडे पड़ जाने की वजह से अब आगामी कुछ दिन के लिए पूरी तरह से हेल्दी सीजन का दौर आ गया है जोकि मध्य मार्च तक जारी रह सकता है। अभी तापमान में ज्यादा उतार-चढ़ाव नहीं है इस वजह से मौसमी संक्रमण बढ़ने का खतरा भी नहीं है वहीं दूसरी तरफ सर्दी कम होने से दिल और हाइपरटेंशन आदि की समस्या से पीड़ित मरीजों को भी राहत मिली है। 15 मार्च के बाद मौसम में तेजी से बदलाव आने के चलते मौसमी संक्रमण का प्रकोप फिर से शुरू हो सकता है लिहाजा तब तक स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से काफी बेहतर दिन बनी रहेंगे।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991
ताजा अपडेट के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# रविदास जयंती पर निकली शोभायात्रा

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच




मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा संत रविदास जयंती पर ठाकुरद्वारा क्षेत्र के शरीफ़ नगर मे उल्लास के साथ मनाई गई। गुरु रविदास जन्मोत्सव शोभा यात्रा निकाल कर गुरु की महिमा का गुणगान किया शरीफ नगर से रविदास जी के भजन कीर्तन और प्रवचन करते हुए शरीफ नगर से शोभा यात्रा टांडा अफजल , थाना डिलारी ग्राम दौलतपुर सुरजननगर पहुची बुधवार को गुरु की झांकियां भी शामिल रहीं। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव शरीफ़ नगर में बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान शोभायात्रा का आयोजन हुआ। जिसमें मनमोहक झांकियां निकाली गयी।शोभायात्रा का शुभ आरम्भ मुख्य अतिथि एडवोकेट कमल ठाकुर ने फीता काटकर किया। देवी देवताओं की मनमोहक झांकिया शोभा यात्रा के दौरान लोगों के आकर्षण का केन्द्र बनी रही। संत रविदास मंदिर में हवन एवं पूजा अर्चना के बाद शोभायात्रा निकली। जो गाँव की मुख्य गलियों से होते हुए वापस मंदिर परिसर पर आकर सम्पन्न हुई। एसएसआई जय प्रकाश सिंह पुलिस फोर्स के साथ शोभा यात्रा की सुरक्षा संभाले रहे। यात्रा में मुख्य रूप से एडवोकेट कमल ठाकुर , रामपाल गौतम , भूपेंद्र सिंह शिवलाल सिंह नन्हे सिंह सुनील कुमार करण सिंह मल्लू सिंह चेतराम सिंह रवि कुमार वीर सिंह सुनहरी सिंह चंद्रपाल सिंह और सभी ग्रामवासी झांकी में मौजूद रहे ग्राम पंचायत सुरजननगर में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का शुभारंभ सामूहिक रूप से प्रधान संघ अध्यक्ष ठाकुरद्वारा एवं ग्राम प्रधान सुरजननगर वीर सिंह वीरू ), ब्लॉक प्रमुख पति डॉ वीर सिंह सैनी , ठाकुर अभय प्रताप सिंह ने किया। इस अवसर पर कमेटी के लोगो ने माल्यार्पण कर सभी उपस्तिथ अतिथियों का स्वागत भी किया। कार्यक्रम में मास्टर रामस्वरूप सिंह, धर्मेन्द्र सागर, नृपेन्द्र भारती,सागर, लीला सिंह, संजीव कुमार, कृपाल सिंह, अमित कुमार, शेखर, विमल कुमार, हरि सिंह, श्याम लाल, आदि मौजूद रहै

# रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज में मनाई धूम धाम से रविदास जयंती

सगीर चंकी पांडे
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा - रामसरन लाल मेमोरियल इंटर कॉलेज पसियापुरा पदार्थ में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती समारोह पूर्वक मनाया गया इस अवसर पर संत शिरोमणि रविदास जी के चरण कमलों में पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय हिंदू रक्षा सेना के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सक्सेना ने उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं अध्यापक अध्यापिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को संत रविदास जी के विचारो और उनके बनाए मार्ग दर्शन आत्मसात करते हुए समाज से जातिवाद का खात्मा करना होगा मनुष्य जन्म से नहीं बल्कि कर्म से महान होता है इसलिए कर्म प्रधान विश्व करि राखा। जो जस करहिं सो तस फल चाखा।। की सार्थकता को सिद्ध करते हुए प्रत्येक मनुष्य को अपने कर्म और कर्तव्य को प्राथमिकता देनी चाहिए निश्चित रूप से यदि हर व्यक्ति अपने कर्म कर्तव्य को अपनी मान मर्यादा को प्राथमिकता देगा तो उसका जीवन सदैव सुखी रहेगा हमें संत शिरोमणि रविदास जी के विचारों और आदर्शों को अपने कार्य और व्यवहार में सम्मिलित करना चाहिए यही उनके प्रति हमारी श्रद्धा वे श्रद्धांजलि होगी इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने जातिवाद को मिटाने का संकल्प अपने कर्तव्य और कर्म को प्राथमिकता देने का भी संकल्प लिया सहायक अध्यापक धर्मवीर सिंह सतीश कुमार जयपाल सिंह विकेश कुमार रोहताश सिंह मोहम्मद रिजवान अभय सक्सैना अमन सक्सैना कुमारी चंचल कुमारी दीक्षा कुमारी पुष्पा कुमारी सलोनी कुमारी ज्योति निर्वेश कुमारी अध्यापक अध्यापिकाएं आदि मौजूद रही

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
*स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।*
*संपादक - नरेश राज शर्मा*
*मो. 9027776991*
**Title Code : UPBIL05086**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।*

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
सम्पादकीय/विविध
www.knlslive.com
17 February 2022


## संपादकीय Editorial

# Martyrdom procession


When martyrs are remembered, society and nation rises up. The social cover of Himachal is also such that the test of every moment of martyrdom here always touches the summit, but neither the feeling towards the nation decreases nor the spirit of dying on the country decreases. The way the Seu village of Ghumarwin carried the martyr Ankesh, who grew up in his lap, on the eyelids, it has become a caravan of a different heritage.It was such a clarinet of sacrifice for the country far beyond the last farewell, which gives the family the bravery to produce such a son. For the first time in the procession of martyrdom, the whole environment, streets and society became a procession and neither the ears nor the eyes could forget what the country heard in sloganeering.On February 6, every harf of the story written by the snow storm on the Arunachal border, returned to Seu village and paid tribute. This cannot be the last farewell, because on this path always some Himachali returns and every time while saluting the tricolor, he clings to some immortal martyr and sings the national anthem. In such a situation, if the applications of the martyr families remain silent, then it will not be right.Martyr Ankesh's father, Bancha Ram, has also chosen the destination by demanding to build a sports stadium in the name of his son, where the youth can choose the passion and passion in their veins in future. In the past too many promises have been made in the name of martyrs, but there is a need to make such projects a message so that every sign of the naming bears the name of some martyr. Surprisingly, neither the books on the martyrs of Himachal were completed nor their documentation was included in the syllabus in any way.In fact, we did not even think about the way the military background tales should have been adorned. If we wanted, we could have developed a center of higher learning for Defense Studies on our own. Similarly, military academy could be made keeping in view the selection of high posts of the army. Such training centers could have been developed under the police lines of the districts for general recruitment so that Himachali youth would appear in the front line of selection on their own merit.Himachal has also lagged far behind in the establishment of military establishments. Even though some cantonments have become memorable properties of hill stations since the time of the British, but independent India did not establish any such establishment in Himachal. that the headquarters of the Dogra regiment should be shifted to Una and the new cantonment areas should be settled in areas like Hamirpur, our politicians have always been behind on this. Needless to say that the Dhumal government took the advocacy for the establishment of military installations to the end, but these efforts did not progress.Surprisingly, if anything happened in the memory of the martyrs, it was given little care. The previous Congress government built the country's first-of-its-kind war museum with the State Martyrs Memorial in Dharamsala, but even after four and a half years, the building remains a political toy.We can spend one hundred and fifty crores on the construction of Shivdham, but are unable to dedicate it to the public by inaugurating a war museum made of about twelve crores. This is the mentality of the state which has the country's first Param Vir Chakra on its chest or where thirty percent participation of all the martyrs of the country shines.

# Suhana Khan's beautiful style shown in red sari, mother Gauri commented and said such a thing

Suhana Khan may not have entered films yet, but she has a huge fan list on social media. Suhana often shares her stylish pictures on social media. A recent picture of Shahrukh Khan's beloved Suhana Khan is becoming very viral. In this picture, Suhana Khan is looking very beautiful wearing a red saree and a bindi on her forehead. After seeing this picture of him, the fans are also not tired of praising him. After seeing this picture of Suhana Khan, her mother Gauri Khan also commented on it. Manish Malhotra shared photo- Designer Manish Malhotra has shared two beautiful pictures of Suhana Khan on his Instagram account. In these pictures, Suhana is seen in Manish Malhotra's collection. Suhana Khan is wearing a red simple sari with a red shimmery blouse. Along with this, Suhana Khan did not wear anything around her neck, but is wearing silver earrings in her ears.In the first picture, where Suhana Khan is looking at the side while posing in front, in the second picture Suhana is posing side by side. Sharing these two beautiful pictures, Manish Malhotra wrote in the caption, 'Suhana'. With which he posted an emoji with fire and heart.Mother Gauri said such a thing after seeing the photo- Gauri Khan could not stop herself from praising her after seeing daughter Suhana in this beautiful collection of Manish Malhotra. Commenting under Suhana Khan's photo, he wrote, 'It is red. Love the vibe Manish'. Fans are also liking this picture of Suhana Khan very much.Commenting on Manish Malhotra's post, a user wrote, 'She looks very beautiful'. Another user wrote, 'Suhana should always write 'Husn Hai Suhana' in the caption of her picture. This picture, posted some time ago, has got more than 50 thousand likes so far.



# Shreya Ghoshal, who debuted with 'Devdas', completed 20 years in Bollywood, a reality show changed the fate



Bollywood's famous playback singer and very melodious voice Mallika Shreya Ghoshal has completed 20 years in Bollywood. The most special thing about this occasion is that Shreya Ghoshal made her debut in the film industry with Sanjay Leela Bhansali's film and even after completing her 20 years, she sang for Sanjay only.On February 15, the new song 'Jab Saiyaan' from Alia Bhatt starrer Sanjay Leela Bhansali's film Gangubai Kathiawadi has been released. Which Shreya Ghoshal has given her voice. Along with the release of the song, Shreya shared her happiness on social media.Sharing the video of the song 'Jab Saiyaan' on her Instagram, Shreya wrote in the caption, 'From my debut till 20 years later, nothing has made me happier than singing for Sanjay Leela Bhansali sir. I could not have asked for a better way to celebrate 20 years in the industry.Shreya got her first break in Bollywood with the song 'Bairi Piya' from the film 'Devdas'. Shreya was only 16 years old at that time. In the film, Shreya gave her voice to the songs of 'Dola Re Dola', 'More Piya', 'Silsila Ye Chahat' apart from 'Bairi Piya'. For which Shreya received Filmfare, RD Burman and National Film Award for Best Singer.The film 'Devdas' starred veteran actors like Shahrukh Khan, Madhuri Dixit and Aishwarya Rai Bachchan. The songs of the film were such a hit that it is still in people's mind.

## विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वाधान मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के तत्वाधान मे मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।जिसमे 20फरवरी के मतदान को लेकर जागरूक किया गया विश्व हिन्दू परिषद के विभागाध्यक्ष अरविन्द सिहँ चौहान ने कहाँ कि मतदान करना हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है अतः हम सभी लोगों को 20फरवरी को जलपान त्याग कर पहले मतदान करे फिर जलपान करे। श्री चौहान के नेतृत्व मे डोर टू डोर शिकोहाबाद रोड,हाथी दरवाजा, नन्नूमल चौराहा, मेहता पार्क, घण्टा घर,बजरिया, आदि जगह पर मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर सभी से शतप्रतिशत मतदान करने की अपील की विहिप के जिला मंत्री प्रभात कुलश्रेष्ठ ने सभी कार्यकर्ताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की तथा अपने अपने क्षेत्रो मे कराने की अपील की। इस दौरान,हरीशप्रताप सिंह, पंकज राठौर, आशीष चौहान,शिवांग गुप्ता,पवन कुमार, प्रतीक गुप्ता,विजय गुप्ता, विसु आर्य, सुनील गुप्ता, मीनाक्षी बाष्णेय, माधवी उपाध्याय, सन्तोष गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, उज्जवल पुन्ढीर, सौरभ सोलंकी, राजदीप गुप्ता, निशांत, अमरदीप, विनय कुमार, अभय गुप्ता, शुभंम पाण्डेय, उदित यादव, कुलदीप गौतम,अरुण सहित अन्य विहिप व बजरंग दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रिजर्व बैंक के तत्वाधान में अग्रणी बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



एटा-भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वाधान में अग्रणी बैंक द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन 14 फरबरी से 18 फरबरी 2022 तक कर रहा है । इसके अन्तर्गत गत सोमवार को करतला ग्राम पंचायत में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिवर का आयोजन किया गया था जिसमे आम जन को वित्तीय लेन देन और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के उपाय बताए गए थे ।इसी क्रम में आज मंगलवार को शहर और बरना ग्राम पंचायत में वित्तीय साक्षरता जागरूकता शिवर का आयोजन किया गया ।

इसमें भारतीय रिजर्व बैंक की सहायक महाप्रबंधक एवम अग्रणी जिला अधिकारी ने वित्तीय लेन देन और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए ग्रामीणों को विस्तार से समझाया और ग्रामीण अंचल में रहने वाले अमाजनो को सफल होने के लिए मंत्र दिया कि ऋण भारतीय रिज़र्व बैंक से सत्यापित बैंक , वित्तीय संस्थानों और सहकारी बैंकों से ही ऋण प्राप्त करे ,जिस कार्य के लिए ऋण लिया है उसी के लिए प्रयोग करे । जितनी जरूरत हो उतना ही ऋण खाते से निकाले और अंत में समय से ऋण चुकाए । और विश्वास जताया कि इसका पालन करने ग्रामीण आमजन और ग्रामीण क्षेत्र का विकाश पूर्णतः संभव है । अग्रणी जिला मंडल प्रबंधक वीरेन्द्र सिंह ने उपस्थिति लोगो को बताया कि लिए गए ऋण का सपुदयोग और जिस उद्देश्य के लिए लिया है में ही लगाने का आव्हान किया और साथ ही भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सुझाए गए निर्देशों का पालन कर आत्मनिर्भर बनकर अपनी आय बढ़ाने का सुझाव दिया । शिविर में अमूल्य वित्तीय साक्षरता सलाहकार उपेन्द्र सिंह , मनीवाइज , क्रिसिल फाउंडेशन के केंद्र प्रमुख नवी रसूल ने भी अपने उदगारों से उपस्थिति आमजनों को लाभांवित किया । शिविर में लगभग 70 लोग उपस्थिति थे

## एटा कलेक्ट्रेट एवं दीवानी परिसर में वोट मांगती हुई चली है हाथ में कांग्रेस का झंडा लेकर गुंजन मिश्रा ने मचाया तहलका



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- विधानसभा 104 एटा सदर की काग्रेस प्रत्याशी श्रीमती गुंजन मिश्रा श्री सुभाष शर्मा एडवोकेट एवं संतोष कुमार गौतम एडवोकेट मोहम्मद इरफान एडवोकेट एवं नैना शर्मा एडवोकेट श्री दिनेश चंद मिश्रा एडवोकेट श्री वेद प्रकाश एडवोकेट श्री आदर्श मिश्रा एवं अन्य काफी अधिवक्ताओं के साथ एटा कलेक्ट्रेट एवं दीवानी परिसर में वोट मांगती हुई चली है हाथ में कांग्रेस का झंडा लेकर गुंजन मिश्रा ने मचाया तहलका एटा कलेक्ट्रेट पर मैं लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा लिए दौड़ पड़ी है मैदान में सभी अधिवक्ताओं का स्नेह एवं प्यार लिए दौड़ पड़ी है

गुंजन मिश्रा वोट दो सपोर्ट दो कांग्रेस को वोट दो एटा सदर का मतदाता हमारे नेता प्रिय प्रियंका गांधी वाड्रा जी को जनपद एटा शहर में गुंजन मिश्रा एवं अन्य प्रत्याशियों के समर्थन में रैली देखना चाहता है हमारी नेता श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी एटा को आशीर्वाद देना ना भूलें

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## शहर और गांव गांव प्रचार कर रहे हैं वही प्रत्याशी घर-घर जाकर वोट मांग रहे

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- आगामी 20 फरवरी को जनपद की 4 विधानसभा सीटों के लिए होने वाले मतदान के लिए प्रत्याशी जहां एक और अपने वहान से शहर और गांव गांव प्रचार कर रहे हैं वही प्रत्याशी घर-घर जाकर वोट मांग रहे अपने जनसंपर्क के दौरान bjp विधायक विपिन वर्मा डेबिट से हमारी टीम की मुलाकात हुई और उनसे जब उन्होंने सवाल जवाब किया तो उन्होंने बताया कि सरकार की नीतियां एवं विकास का एजेंडा के साथ-साथ के स्थानीय स्तर की समस्याओं को भी मैंने अपने कार्यकाल में दूर किया है और जनता के साथ में हमेशा खड़ा रहा हूं एटा में सड़कों का जाल तथा मेडिकल कॉलेज यहां की सबसे बड़ी उपलब्धि है हमारे संबंध द्वारा पूछे जाने पर स्थानीय स्तर पर किसानों की समस्याओं के लिए आपकी पार्टी एवं सरकार की क्या नीति है तो उन्होंने कहा कि आवारा पशुओं के लिए जिसमें गौमाता हमारी धर्म में श्रद्धा की पात्र है जिसे कुछ लोगों ने सरकार को बदनाम करने के लिए अपने फोटो से आभार छोड़ रखा है इनके लिए सरकार ने प्रत्येक ग्राम में स्तर पर गौशाला के निर्माण की घोषणा की है अपनी साफ-सुथरी छवि रखने वाले तीन पीढ़ियों से राजनीति में रहे निर्मम ने वर्तमान विधायक विपिन वर्मा डेबिट के पिता गंगा प्रसाद वर्मा पूर्व राज्य मंत्री रहे हैं तथा उनके बड़े भाई प्रजा पालन वर्मा भी विधायक रह चुके हैं और उनके चाचा प्रीतम सिंह वर्मा भी विधायक रह चुके हैं मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए वह कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं आज उन्होंने स्थानीय कचहरी पर भी जनसंपर्क कर वोट मांगे

## जनपदीय पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च/ एरिया डॉमिनेशन कर आमजन को कराया गया सुरक्षा का एहसास

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- उत्तर प्रदेश आगामी विधानसभा निर्वाचन-2022 को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन मे आज दिनांक 16.02.2022 को जनपदीय पुलिस द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों के विभिन्न गांव में फ्लैग मार्च/एरिया डोमिनेशन किया गया। जनपद में आगामी विधानसभा चुनाव 2022 में आमजन में सुरक्षा की भावना उत्पन्न करने के दृष्टिगत जनपदीय पुलिस द्वारा पैरामिलिट्री फोर्स के साथ थाना निधौली कला, थाना मारहरा,थाना नयागांव, थाना पिलुआ, थाना मिरहची, थाना बागवाला, थाना अवागढ़, थाना सकरौली एवं थाना रिजोर के विभिन्न गांवों में फ्लैग मार्च/ एरिया डोमिनेशन कर आम जनमानस में सुरक्षा का एहसास कराया गया एवं शांतिपूर्ण वातावरण में कोविड-19 गाइडलाइंस का पालन करते हुए सकुशल चुनाव संपन्न कराने का संदेश दिया गया।

## कोरिया जिले के पत्रकार साथी पर हुए FIR का विरोध एवं एसपी,थाना प्रभारी को तत्काल हटाया की मांग की



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- अम्बिकापुर - प्रदेश में पत्रकारों पर बिना जांच एफआईआर बन्द हो और जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए की मांग के साथ कोरिया जिले के पत्रकार पर फर्जी अपराध दर्ज करने के मामले में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ जिलासरगुजा की टीम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं डीजीपी छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा के नाम का ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौपा है. अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द शर्मा के निर्देश पर जिलाध्यक्ष अम्बिकापुर सुशील बखला के नेतृत्व में पत्रकार साथियों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया. जिसमे बताया गया कि कोरिया जिले के पत्रकार साथी रवि रंजन सिंह के द्वारा सोशल मीडिया में वायरल चैट को लेकर एक लेख प्रकाशित किया गया था. जिसमें विभाग के कई कर्मचारियों के नाम सामने आए थे और वहा के पुलिस अधीक्षक की शह पर बिना जांच पड़ताल किये पत्रकार रवि रंजन सिंह के ऊपर फर्जी मामला दर्ज कर दिया गया और उनके निकट जनों को एक अपराधी की भाँति बिना किसी सर्च वारंट के तथा बिना दूसरे जिले के लोकल पुलिस एवं परिवार जनों को सूचना दिए, सूरजपुर जिले से लाकर पटना थाने में मार पीट की गई,जिसमे एक महिला एवं 13 वर्ष के नाबालिग बच्चे को मानसिक एवं शारीरिक क्षति पहुंची है अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद शर्मा ने पत्रकार के ऊपर हुई गलत एफआईआर को तत्काल हटाने,पत्रकार की गिरफ्तारी रोकने के साथ पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को भी तत्काल हटाने की मांग करते हुए बताया कि जो चौथे स्तम्भ का सम्मान नही करते है बल्कि उनसे द्वेष रखते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर रहे है जिसका अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ घोर विरोध एवं निंदा करता है। नही हटाये जाने की दिशा में प्रदेश के हर जिले में धरना प्रदर्शन दे कर विरोध प्रकट किया जायेगा उसके बाद एक महाधरना रायपुर में किया जायेगा. अगर पुलिस प्रशासन इस तरह अपने निजी शत्रुता के लिए अपने पद का गलत इस्तेमाल करता है तो यह कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है जिसे बर्दाश्त नही किया जा सकता.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ
अपना
विज्ञापन
लगवाये बहुत
ही कम प्राइस
में
संपर्क करे-
9027776991

## अभापसुस ने बिलासपुर पुलिस महानिरीक्षक को बैकुंठपुर के पत्रकार को न्याय दिलाने मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौपा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मुख्यमंत्री प्रदेश के सभी पुलिस महानिरीक्षक एवं जिला पुलिस अधीक्षक को निर्देशित करे बिना जांच के पत्रकारों पर एफआईआर न करे-: गोविन्द शर्मा - प्रदेश अध्यक्ष ,BPSS अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद शर्मा ने कहा प्रदेश में लगातार पत्रकारों पर हो रही एफआईआर सरकार के लिए आने वाले चुनाव में मुसीबत न बन जाये चौथे स्तम्भ के साथ लगातार प्रदेश में पुलिस की गैरजिम्मेदाराना हरकत दिखाई दे रही है और हो सकता है की सरकार के खिलाफ भी कही साजिश तो नहीं हो रही, जिससे सरकार को कमजोर किया जा सके क्योकि भूपेश बघेल पहले मुख्यमंत्री है जिन्होंने पत्रकार सुरक्षा कानून के बात की और उसे कानून बनाने पर भी कार्य किया देश का पहला राज्य है जिसने पत्रकार सुरक्षा कानून का ड्राफ्ट बना लिया जिसे कानूनी प्रकिया में जल्द लाने का प्रयास कर रही है. श्री शर्मा ने प्रदेश के पत्रकारों पर बिना जांच एफआईआर बन्द हो और जल्द से जल्द पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए की मांग के साथ कोरिया जिले के पत्रकार पर फर्जी अपराध दर्ज करने के मामले में अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ बिलासपुर की टीम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं डीजीपी छत्तीसगढ़ अशोक जुनेजा के नाम का ज्ञापन पुलिस अधीक्षक को सौपा है. अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द शर्मा के नेतृत्व में पत्रकार साथियों ने पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर को भी ज्ञापन दिया. जिसमे बताया गया कि कोरिया जिले के पत्रकार साथी रवि रंजन सिंह के द्वारा सोशल मीडिया में वायरल चैट को लेकर एक लेख प्रकाशित किया गया था. जिसमें विभाग के कई कर्मचारियों के नाम सामने आए थे और वहा के पुलिस अधीक्षक की शह पर बिना जांच पड़ताल किये पत्रकार रवि रंजन सिंह के ऊपर फर्जी मामला दर्ज कर दिया गया और उनके निकट जनों को एक अपराधी की भाँति बिना किसी सर्च वारंट के तथा बिना दूसरे जिले के लोकल पुलिस एवं परिवार जनों को सूचना दिए, सूरजपुर जिले से लाकर पटना थाने में मार पीट की गई,जिसमे एक महिला एवं 13 वर्ष के नाबालिग बच्चे को मानसिक एवं शारीरिक क्षति पहुंची है अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद शर्मा ने पत्रकार के ऊपर हुई गलत एफआईआर को तत्काल हटाने,पत्रकार की गिरफ्तारी रोकने के साथ पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को भी तत्काल हटाने की मांग करते हुए बताया कि जो चौथे स्तम्भ का सम्मान नही करते है बल्कि उनसे द्वेष रखते हुए अपने पद का दुरुपयोग कर रहे है जिसका अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ घोर विरोध एवं निंदा करता है. नही हटाये जाने की दिशा में प्रदेश के हर जिले में धरना प्रदर्शन दे कर विरोध प्रकट किया जायेगा उसके बाद एक महाधरना रायपुर में किया जायेगा. अगर पुलिस प्रशासन इस तरह अपने निजी शत्रुता के लिए अपने पद का गलत इस्तेमाल करता है तो यह कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ है जिसे बर्दाश्त नही किया जा सकता. इस दौरान अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश प्रताप सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष उतपल्सेन गुप्ता, पत्रकार प्रवीण मौर्य, अनुज श्रीवास्तव,नीरज शुक्ला उपस्थित रहें

## दो नाबालिग का रूका विवाह ग्रामीणों की सूचना संयुक्त टीम ने की कार्रवाई



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- ग्रामीणों द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम कुधरीपारा में 16 वर्षिय नाबालिक का विवाह किया जा रहा है। वह बालिका अभी कक्षा 12 वीं पढ़ रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार कार्यक्रम अधिकारी ने बाल संरक्षण अधिकारी को निर्देशित किया व निर्देश के परिपालन में जिला बाल संरक्षण टीम के नेतृत्व में जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना ओड़गी, चाईल्ड लाईन ओड़गी सब सेंटर, पुलिस थाना ओड़गी की संयुक्त टीम ग्राम कुधरीपारा धरसेड़ी पहुंची। जहां स्कूल से दाखिल-खारिज रजिस्टर से बलिका की उर्म पता करने पर बालिका नाबालिग पायी गयी। बालिका 16 वर्ष 06 माह की थी। विवाह की तैयारी चल रही थी। सभी को समझाईश देने पर परिजन विवाह नहीं करने को राजी हुए। वहीं पता चला की एक और लड़की का विवाह आगामी समय में श्रीनगर से होने वाला है। विवाह तय हो गया है। जिला बाल संरक्षण की संयुक्त टीम उनके घर गई और पता करने पर पता चला कि बालिका की उम्र 16 वर्ष है, और वह कक्षा 8 वीं तक पढ़ाई कर छोड़ दी है। उनके परिजनों को भी समझाईश दिया गया कि बालिका की उम्र होने पर ही विवाह करें अन्यथा परेशानी हो सकती है। संयुक्त टीम लड़का पक्ष जो कि भैयाथान क्षेत्र के बड़सरा (डालाबहरा) जहां मण्डप गड़ा हुआ था, उन्हें भी समझाईश दिया गया कि बालिका की उम्र अभी नहीं हुआ है। यदि आप बारात लेकर जाते है तो आप सभी को सजा हो सकता है। बाल विवाह रोकने वालों में जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनोज जायसवाल, पर्यवेक्षक पीली चौहान, पर्यवेक्षक गौरी राठिया, चाईल्ड लाईन से राधा यादव, अनवरी खातुन, एएसआई कुशवाहा, रामकवध, निलेश जायसवाल, विश्वजित सिंह, अनिल विश्वकर्मा प्रफुल्ला मिंज, महिला आरक्षक महेश्वर सिरदार उपस्थित थे।

## अखिलेश यादव ने अब यूपी चुनाव में कराई भूत की एंट्री, जानें क्या बोले सपा अध्यक्ष



समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने बुधवार को कन्नौज में जनसभा को संबोधित किया। यहां अखिलेश यादव ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा, पहले और दूसरे चरण के मतदान में ही सपा और सपा के गठबंधन ने शतक लगा लिया है और अगर कन्नौज का समर्थन मिला तो बीजेपी इतना पीछे छूट जाएगी कि सातवें चरण तक उनके बूथों पर भूतों के अलावा कोई न जाए। भाजपा धोखेबाज और झूठे हैं।% उन्होंने आगे कहा, हम आपको सचेत कर रहे हैं, बाहरी लोग अफवाह फैला सकते हैं। मैंने सुना है कि कन्नौज में बहुत कम लोग वर्दी छोड़कर आए हैं। इस डबल इंजन सरकार ने भ्रष्टाचार और अन्याय को दोगुना कर दिया है। वे ( बीजेपी ) लखीमपुर में अपने बुलडोजर क्यों नहीं चला रहे हैं? वहीं, इस दौरान वह एक बार पुलिसकर्मियों पर भड़क गए। अखिलेश यादव ने कन्नौज के तिर्वा में अपनी जनसभा के मंच के पास की जगह को जबरन खाली करा रहे पुलिसकर्मियों पर जमकर बरसे। पुलिसकर्मी वहां से अंदर घुसने की कोशिश कर रहे लोगों को हटा रहे थे। अखिलेश यादव ने कहा कि ये सब बीजेपी के इशारे पर किया जा रहा है। इस दौरान एक अफसर पर अखिलेश यादव ने निशाना साधते हुए कहा कि तुमसे बदतमीज कोई नहीं हो सकता है। उनकी जनसभा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वह पुलिसकर्मियों को हड़काते हुए भी नजर आ रहे हैं।

## यूपी: रविदास मंदिर पहुंचे राहुल और प्रियंका गांधी, मंदिर में लगंर परोसते आए नजर

उत्तर प्रदेश चुनाव की गहमागहमी के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार को रविदास जयंती के अवसर पर बहन और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी के साथ वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने संत रविदास मंदिर में लंगर परोसा. दोनों ने संत रविदास का दर्शन पूजन किया। इसके बाद पात में बैठकर लंगर भी खाया। राहुल गांधी ने लंगर सेवा भी की और लोगों को भोजन खिलाया। राहुल गांधी ने भी संत रविदास की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने संत गुरु रविदास को नमन करते हुए लिखा, %जाति-जाति में जाति हैं। जो केतन के पात।रैदास मनुष ना जुड़ सके।जब तक जाति न जात।% राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के बाबतपुर हवाई अड्डे पर पहुंचने पर कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंत्री अजय राय सहित कई कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। राहुल एवं प्रियंका हवाई अड्डे से सड़क मार्ग के जरिए सीर गोवर्धन स्थित संत



रविदास मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंच कर दोनों ने संत रविदास की प्रतिमा को नमन किया और उनका आशीर्वाद लिया। दोनों ने वहां अमृत वाणी सुनी। प्रियंका ने वहां सेवा कर रही महिलाओं से भेंट की, जबकि राहुल गांधी ने लंगर में अपनी सेवा दी और प्रसाद बांटा। इसके बाद प्रियंका और राहुल गांधी ने लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। इसके पहले, प्रियंका गांधी ने संत रविदास के एक दोहे का जिक्र करते हुए ट्वीट किया था कि वह हर साल की तरह आज भी गुरु रविदास की जन्मस्थली पर मत्था टेकेंगी। प्रियंका ने ट्वीट किया कि उन्हें आज अपने भाई के साथ गुरु रविदास की जन्मस्थली जाने में और भी खुशी हो रही है। इसके बाद, उन्होंने एक वीडियो ट्विटर पर साझा किया, जिसमें वह और राहुल गांधी संत रविदास की जन्मस्थली पर एक कार्यक्रम में शामिल होते दिख रहे हैं। राहुल गांधी ने भी संत रविदास की जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने ट्विटर पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें वह और प्रियंका गांधी वाद्रा संत रविदास की समाधि पर फूल चढ़ाते दिखाई दे रहे। इसके पहले, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पंजाब के मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस नेता चरणजीत सिंह चन्नी ने भी सीर गोवर्धन पहुंचकर संत शिरोमणि को श्रद्धांजलि अर्पित की।


## महोबा में इमरान प्रतापगढ़ी के हेलीकाप्टर को उतरने नहीं दिया, सीएम योगी के कार्यक्रम का दिया हवाला, कांग्रेसियों में आक्रोश

कांग्रेस के स्टार प्रचारक इमरान प्रतापगढ़ी महोबा में जनसभा नहीं कर सके। तय समय से एक घंटा देरी से पहुंचने पर प्रशासन ने हेलीकॉप्टर उतरने की अनुमति नहीं दी। प्रशासन ने ढाई बजे होने वाली सीएम की जनसभा का हवाला दिया, जबकि कांग्रेसियों ने सत्ता के इशारे प्रशासन के काम करने का आरोप लगाया है। बुधवार को महोबा विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सागर सिंह के समर्थन में स्टार प्रचारक इमरान प्रतापगढ़ी को सुबह 10=30 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचना था मगर एक



घंटा देरी से पहुंचे। शहर में सीएम योगी आदित्यनाथ की सभा को देखते हुए प्रशासन ने इमरान प्रतापगढ़ का हेलीकॉप्टर उतरने की अनुमति नहीं दी। इससे उनके समर्थकों में मायूसी छा गई। हेलीकॉप्टर उतरने की अनुमति न मिलने पर हेलीकॉप्टर हमीरपुर राठ के लिए उड़ गया।

## कांग्रेस की प्रवक्ता पंखुड़ी पाठक पहुंची एटा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा -कांग्रेस प्रत्याशी गुंजन मिश्रा के समर्थन में डोर टू डोर मांगें वोट। पिछले 5 सालों में प्रियंका गांधी ने तमाम मुद्दे उठाए हैं-पंखुड़ी महिलाओं का समर्थन कांग्रेस पार्टी को मिल रहा है-पंखुड़ी भारतीय जनता पार्टी चुनाव आने पर ही सांप्रदायिक मुद्दों को उठाती है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य पर साधा निशाना। केशव प्रसाद मौर्य के पास अपनी सरकार की 5 साल की उपलब्धियां गिनाने की कोई बात नहीं है। योगी जी बीमार होते हैं या फिर केशव जी बीमार होते हैं तो कांग्रेस के बनाए हुए लखनऊ पीजीआई में इलाज कराते हैं।

## आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के संपर्क करे-

knlslive@gmail.com

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे-

| एन.राज शर्मा | निशाकांत शर्मा | सुमित गुप्ता |
|---|---|---|
| प्रधान संपादक | सहसंपादक | क्यूँ न लिखूँ सच |
| 9027776991 | 7906743371 | 9458664527 |


## 'राहुल और विपक्षी पार्टियां देश को बदनाम कर रहीं', कानपुर में बोले राजनाथ सिंह



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के एक अखबार ने खुलासा किया था, गलवान घाटी में चार नहीं बल्कि कम से कम 40 चीनी सैनिक मारे गए थे लेकिन राहुल गांधी और विपक्षी पार्टियां देश को बदनाम कर रही हैं। बुधवार को बाबूपुरवा पुराना सेंटर पार्क में जनसभा को संबोधित कर रहे राजनाथ ने कहा कि भारत को पहले कमजोर देशों की श्रेणी में गिना जाता था। जब भारत बोलता था तो दूसरे देश गंभीरता से नहीं लेते थे। आज भारत बहुत ताकतवर देश बन चुका है। अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है।

### जवानों ने साबित किया पाक में घुसकर भी कर सकते वार

रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारे देश के बहादुर जवानों ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया है। यह साबित कर दिया है कि भारत अब बाउंड्री के भीतर ही नहीं बल्कि देश की बाउंड्री के बाहर पाकिस्तान में घुसकर भी वार कर सकता है। सर्जिकल स्ट्राइक भी की और एयर स्ट्राइक भी।

### प्रदेश में ही हवाई जहाजों की होगी मरम्मत

राजनाथ ने कहा कि पहले देश के 80 से 85 प्रतिशत हवाई जहाजों की मरम्मत और सर्विसिंग विदेशों में होती थी। अब उत्तर प्रदेश के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर ही हमने ऐसी व्यवस्था की है 80 प्रतिशत जहाजों की मरम्मत व सर्विसिंग हो सके।

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# विधानसभा चुनाव 2022 कराने हेतु श्रावस्ती पुलिस पार्टी तृतीय चरण हेतु जनपद एटा हुई रवाना



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विधानसभा चुनाव 2022 के तृतीय चरण की वोटिंग हेतु जनपद श्रावस्ती से पुलिस फोर्स चुनाव कराने हेतु जनपद एटा के लिए रवाना हो रहा है। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य द्वारा चुनाव ड्यूटी में लगा पुलिस फोर्स 07 हेड कांस्टेबल, 58 कांस्टेबल को रवाना करने से पहले पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में एकत्र करके चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत कराते हुए अनुशासन में रहकर निष्पक्ष चुनाव कराने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कोविड-19 सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अधिकारी/कर्मचारियों को मास्क, सैनिटाइजर वितरित किया गया। साथ ही साथ पुलिस पार्टी लेकर जा रही बसों मे प्राथमिक उपचार किट उपलब्ध कराई गई। अपर पुलिस अधीक्षक के0सी0 गोस्वामी द्वारा गोष्ठी का संचालन किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भी सभी कर्मचारियों को अपने कर्तव्यों का अच्छी तरीके से निर्वहन करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही साथ कोविड-19 के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए इससे सुरक्षा एवं बचाव के लिए सभी लोग मास्क, सैनिटाइजर का प्रयोग करने व सतर्क रहकर ड्यूटी करने हेतु निर्देशित किया गया।


# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सीताद्वार मंदिर परिसर में 5001 द्वीप प्रज्वलित कर मतदाताओं को मतदान हेतु किया गया प्रेरित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- आगामी 27 फरवरी, 2022 को विधानसभा सामान्य निर्वाचन में मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन अपनी सहभागिता निभाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देशानुसार प्रभारी अधिकारी स्वीप/मुख्य विकास अधिकारी ईशान प्रताप सिंह के अगुवाई में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत जिले में तमाम कार्यक्रम आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। स्वीप श्रावस्ती अन्तर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत सोमवार को सायंकाल पंचायती राज विभाग के द्वारा इकौना विकासखंड के सीताद्वार मंदिर, टण्डवा महन्थ के प्रांगण में 5001 दीपों के साथ मतदाता जागरूकता से संबंधित द्वीप प्रज्वलन/मतदीप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी पंचायत सचिव पंचायत सहायक, एवं स्वच्छता कर्मियों के द्वारा 5001 दीप प्रज्वलित किए गए। कार्यक्रम में निकटतम ग्रामीण क्षेत्रों से लगभग लगभग 3000 लोग और भी शामिल हुए जिन्हें जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रभुराम चौहान के द्वारा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जिला पंचायत राज अधिकारी आनंद प्रकाश श्रीवास्तव के द्वारा उपस्थित सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# पीड़ित ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर लगाई न्याय की गुहार



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- थाना क्षेत्र सोनवा के के अंतर्गत के निवासी सुरेंद्र धर द्विवेदी पुत्र मनोहर लाल निवासी खजूरी थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती ने जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती, पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ, को प्रार्थना पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग किया है प्रार्थी का आरोप है कि मैंने अपनी लड़की गोल्डी उम्र 25 वर्ष की शादी 6 वर्ष पूर्व मनीष कुमार पुत्र वीरेंद्र ओझा निवासी लोहारी दाखिला चेतिया मुरार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती के साथ किया था जिसकी शादी के बाद से पति मनीष कुमार मां द्वारा 100000 की नगद मांग करने लगे प्रार्थी ना दे पाने पर प्रार्थी के लड़की को 27/12 /2021 को विपक्षी ने हत्या कर दी जिसकी शिकायत लिखित रूप से थाना गिलौला पुलिस को दिया गया जिस पर पुलिस ने संज्ञान में लेते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज इस संबंध में पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में 498इ, 304 बी, दहेज प्रतिषेध अधिनियम 3/4 में मामला दर्ज कर विवेचना क्षेत्राधिकारी इकौना कर रहे हैं जिसका विपक्षी से संलिप्तता पाए जाने पर निष्पक्ष जांच नहीं की जा सकती है प्रार्थी को कई बार अपने कार्यालय में बुलाकर बयान भी लिया गया लेकिन पार्थी द्वारा 10 स्टांप पेपर पर लिखित बयान भी दिया गया जिसको मानने के लिए तैयार नहीं है और बार-बार प्रार्थी के पास फोन करके बुला रहे हैं इस संबंध में प्रार्थी ने पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती व पुलिस महानिदेशक लखनऊ उत्तर प्रदेश शासन को प्रार्थना पत्र भेजकर निष्पक्ष से जांच करने के लिए भिंगा क्षेत्राधिकारी को नियुक्त किए जाने की मांग किया है ।

## आयुक्त, पुलिस उप महानिरीक्षक एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया कैलेंडर



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल, निर्विघ्न, निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयुक्त देवीपाटन मण्डल एम0पी0 अग्रवाल, पुलिस उप महानिरीक्षक देवीपाटन मण्डल उपेन्द्र कुमार अग्रवाल एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कैलेंडर जारी किया। इस पोस्टर में एक तरफ कैलेंडर वर्ष 2022 का एवं दूसरी तरफ मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आमंत्रण पत्र है 40000 आमंत्रण पत्र आम जनसमुदाय को वितरित किया जाएगा इस संबंध में यह 'लोगो' जारी किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप ईशान प्रताप सिंह ने आयुक्त को अवगत कराया कि मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अनेक प्रकार के कार्यक्रम प्रतिदिन संचालित हो रहे हैं।

# बॉलीवुड का गोल्डमैन गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी को महिला गंगा आरती में दी गई श्रद्धांजलि

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

ऋषिकेश -चलते चलते, मेरे यह गीत याद रखना कभी अलविदा ना कहना हर संगीत प्रेमी के हृदय में निवास करने वाले प्रख्यात बॉलीवुड गोल्डमैन गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी के लिए की गई विशेष महिला गंगा आरती बॉलीवुड का गोल्डमैन गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी को महिला गंगा आरती में दी गई श्रद्धांजलि बॉलीवुड का गोल्डमैन गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी के आकस्मिक निधन पर शोकाकुल ऋषिकेश गंगा आरती परिवार ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट परिवार ने, पूर्णानंद घाट, जानकीपुल में विश्व प्रसिद्ध प्रथम महिला गंगा आरती में गंग सबलाओं ने हर संगीत प्रेमी के हृदय में निवास करने वाले बॉलीवुड के गोल्डमैन गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी 69 साल की उम्र में निधन पर ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट की ओर से श्रद्धांजलि दी गई। शांति सिंह जी ने कहा कि बॉलीवुड का गोल्डमैन गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी का जाना मतलब एक युग का अंत। गोल्डमैन गायक-संगीतकार ने हमारे दिलों पर राज किया और आगे भी करते रहेंगे। उनकी कमी कभी कोई पूरी नहीं कर सकता। ऋषिकेश गंगा आरती ट्रस्ट परिवार बॉलीवुड के गोल्डमैन गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी के निधन से मन ही मन बहुत ही दुखी है। पुण्यात्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि। उनका जाना देश और संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना। डॉ. ज्योति शर्मा ने प्रख्यात गायक-संगीतकार बप्पी लाहिरी जी के निधन बेहद दुखद और भारतीय सिनेमा और संगीत जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शान्ति और परिजनों व प्रशंसकों को इस दुखद घडी में ढ़ाढस प्रदान करने की प्रार्थना करती हूँ। उन्होंने कहा कि गंगा मैया से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व शोकाकुल परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। बप्पी लाहिड़ी व्यापक रूप से भारत में डिस्को किंग के रूप में जाने जाते है। आई एम अ डिस्को डांसर बचपन में हमारी जुबान से लेकर मोहल्ले में होने वाली राम लीला के मंच तक पर खूब बजता था। जमकर डांस होता था। एक अलग ही धुन थी, अपनी धुन में रमाने वाली...संगीत का वो जादू अब कहां...अलविदा बप्पी दा. मुख्य रूप से महिला गंगा आरती में गंग सबलाओं सुशीला सेमवाल, सोनिया राज, अपर्णा शर्मा, प्रीति अग्रवाल, मंजू देवी, उषा देवी, सुनीता जी, अनीता जी, सरिता जी ने गंगा आरती में विशेष भूमिका अदा की।